# परम्परागत ढंग से मनाया गया मातमी पर्व मोहर्रम कर्बला चौक में भरा मेला, ताजियों का हुआ विसर्जन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा सहित पूरे जिले में मातमी पर्व मोहर्रम का मनाया गया, मुसलमान भाईयों ने जगह जगह सवारियां निकाली गई तदुपरांत ताजिया गश्त करते हुए एकत्रित किए गए तदुपरांत करबला चौक में ताजिया रख गया जहां भारी मेला भरा इस दौरान पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी शांति समिति के सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति दी तथा हिन्दू मुस्लिम कौमी एकता के रूप में करबला के चौक में दिखे। इतना ही नहीं सवारियों का आवागमन लोनिया करबल, सुकलूढाना, चंदनगांव से भी हुआ। इसके पश्चात नाले हैदर की सवारी भी निकाली गई इसके पश्चात विभिन्न स्थानों पर सवारियां गश्त करती रही जहां पुलिस हर सवारियों के आसपास दिखी। और शांति समिति की बैठक के अनुसार हर जगह व्यवस्थाऐं चाक चौबंदी रही। देर शाम ताजिया का विसर्जन बड़ा तालाब में किया गया इस दौरान शांति पूर्वक मोहर्रम और ताजिया विसर्जन मेले के





संपन्न होने पर अंजुमन कमेटी ने पुलिस, जिला प्रशासन, नगर निगम, एम.पी.ई.बी. एवं इलेक्ट्रानिक, प्रिंट मीडिया का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया है।

आशूरा 2025 रविवार 6 जुलाई को पूरे भारत सहित मध्यप्रदेश और छिन्दवाड़ा जिले में मनाया गया। यह दिन मुसलमानों के लिए गहरा भावनात्मक और आध्यात्मिक महत्व रखता है, जो विश्वासियों को बलिदान, न्याय और अटूट विश्वास के मूल्यों की याद दिलाता है। मुहर्रम का 10 वां दिन जिसे आशूरा के नाम से जाना जाता है कल 6 जुलाई 2025 को मनाया गया।

### इसलिए मनाते हैं मुहर्रम

इस्लामिक चंद्र कैलेंडर का पहला महीना मुहर्रम हिजरी नव वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। 2025 में भारत में मुहर्रम 26 जून को अर्धचंद्र दिखने के बाद शुक्रवार 27 जून को शुरू हुआ जैसा कि मस्जिद-ए-नखोदा मरकजी रूयत-ए-हिलाल समिति ने पुष्टि की है। इस्लाम में रमज़ान के बाद मुहर्रम को दूसरा सबसे पवित्र महीना माना जाता है। यह सुन्नी और शिया दोनों मुसलमानों के लिए गहरा आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व रखता है। शिया मुसलमानों के लिए मुहर्रम पैगंबर मुहम्मद के पोते हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में गहन शोक की अवधि है, जो 680 ईस्वी में कर्बला की लड़ाई में मारे गए थे।

### कैसे मनाया जाता है में मुहर्रम

मुहर्रम को विशेष रूप से शिया समुदायों द्वारा गहरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है, जो मजलिस सभा शोकगीत मर्सिया और जुलूसों में भाग लेते हैं। कई लोग इमाम हुसैन की पीड़ा के साथ दु:ख और एकजुटता के प्रतीकात्मक कार्य के रूप में आत्म-ध्वजारोपण में संलग्न होते हैं। इसके उलट सुन्नी मुसलमान इस दिन को चिह्नित करने के लिए स्वैच्छिक उपवास और विशेष प्रार्थनाएं करते हैं। इस दौरान शहर छिन्दवाड़ा के मुस्लिम क्षेत्रों में पूरे मोहर्रम के समय चहल पहल रही ताजिया देखने के लिए लोग पहुंचते रहे सभी ताजियां गश्त करने के बाद ईद मिलादुनबी ग्राउण्ड में एकत्रित हुई थी इसके पश्चात क्रमवार सभी ताजियां करबला चौक पुराना बैल बाजार पहुंची जहां लोगों ने इबादत किये।

## सार-समाचार

### दीपकराज जैन ने आज आकाशवाणी में स्वच्छता पर करेंगे परिचर्चा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्वच्छ भारत अभियान के साथ व्यक्तिगत स्वच्छता पर आज सोमवार को प्रात: 7:20 पर आकाशवाणी छिंदवाड़ा पर एफ.एम. 102.2 मेगाहर्ट्ज पर परिचर्चा का विशेष प्रसारण किया जावेगा, जिसमें आकाशवाणी छिंदवाड़ा के कार्यक्रम अधिकारी दीपांकर तिवारी की नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन से विशेष परिचर्च होगी। इस परिचर्चा को न्यूजसोन एयर के माध्यम से भी सुना जा सकता है साथ ही नीचे दी लिंक के माध्यम से भी परिचर्चा को सुन सकते है।

### सतपाल डेहरिया अमरवाड़ा एसडीएम रीडर हुए सेवानिवृत

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा अनु विभाग अमरवाड़ा राजस्व में पदस्थ एसडीएम रीडर सतपाल डेहरिया 30 जून को सेवानिवृत हुए सेवानिवृत्ति होने पर उन्हें अमरवाड़ा एस.डी.एम. कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी एस.डी.एम. हेमकरण धुर्वे, तहसीलदार राजेश मरावी, कानूनगो ललित दुबे, स्टेनो श्री चौरसिया, धनराज चंदेल एवं तहसील में पदस्थ सभी कर्मचारियों ने शाल श्रीफल गिफ्ट एवं फूल माला से सतपाल डेहरिया को लाद दिया।

अनु विभाग एवं तहसील मुख्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी एतथा उनके कार्यकाल को उनके स्वभाव को एवं उनके कार्य के प्रति लगनशीलता को काफी सराहा गया।

ज्ञातव्य रहे कि सतपाल डेहरिया की नियुक्ति वर्ष 1981 में अमरवाड़ा में ही हुई थी और उन्होंने पूरा अपना सेवा कार्य अमरवाड़ा राजस्व अनुविभाग में ही सफलतापूर्वक करते हुए 30 जून सोमवार को सेवानिवृत्त हुए काबिले तारीफ बात यह है कि सोमवार को एस.डी.एम. हेमकरण धुर्वे तथा तहसीलदार राजेश मरावी ने रीडर सतपाल डेहरिया को अपने वाहन में सम्मान जनक रूप से बिठालकर उनके निवास स्थान अयोध्या बस्ती अमरवाड़ा तक पहुंचाने आए।

### न्यूटन के सभी 7 बूथों पर मनाई गई श्यामा प्रसाद मुखजी की जयंती, किया पौधरोपण



**परासिया, देशबन्धु।** श्यामाप्रशाद मुखर्जी के जन्म जयंती मे न्यूटन नगर के सभी 7 बूथो मे प्रदेश निर्देशानुसार वृक्षारोपण का कार्य किया गया जिसमे मुख्य रूप से भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ब्रजेश सोनू पंडित, बिट्टू भानारिया, वार्ड पार्षद निधि यादव, राहुल सराठी, भाजपा नेता सुनील पाल, दीपक विश्कर्मा, बूथ अध्यक्ष रुपेश इरपाची, हेमंत नवेत, संजय काकोड़िया अन्य कार्यकर्ता कैलाश नवेत, अंकुश यादव, रोहित यादव, राहुल साहू उपस्थित रहे ।

## अमरवाड़ा में एक पेड़ मां के नाम के तहत हुआ पौधरोपण

अमरवाड़ा, देशबन्धु। अमरवाड़ा नगर भाजपा मण्डल अमरवाड़ा के द्वारा शनिवार को मंडी प्रांगण में हरियाली महोत्सव के तहत एक पौधा मां के नाम का संदेश देकर पौधा रोपण किया गया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और प्रकृति को हरा भरा बनाने का संकल्प दिलाया व सभी से अपनी अपनी माँ के नाम से पेड़ लगाने की अपील की। नगर मण्डल अध्यक्ष सचिन गोल्डी नेमा ने सभी का आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव, उत्तम ठाकुर, मोनिका बट्टी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीती तिवारी, योगेंद्र राणा, विजय पांडे, धर्मेंद्र मिगलानी, शंटी बेदी, अमरवाड़ा भाजपा मण्डल अध्यक्ष सचिन गोल्डी नेमा, दीपक नेमा, नितिन तिवारी, विनोद चौरसिया, देवेंद्र जैन, प्रहलाद सूर्यवंशी, महामंत्री आशु चचड़ा, मण्डल उपाध्यक्ष सूरज ठाकुर, राजू सराठे, सचिन जैन, अमित नेमा, सुदेश नगवंशी, अर्पित लाला, मुकेश सूर्यवंशी, मोनू चौरसिया, आरीफ शाह, मंडी सचिव आर.एस. गुमास्ता आदि उपस्थित रहे।



## पुलिस चलाएगी गुंडों के खिलाफ अभियान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय के निर्देशन में शहर कोतवाली पुलिस, देहात पुलिस और कुण्डीपुरा पुलिस संयुक्त रूप से गुण्डों के खिलाफ अभियान चलाएगी।

बताया जाता है कि शराब पीकर गुण्डागर्दी करने वाले, शहर में उत्पात मचाने वाले तथा मोहल्लें के लोगों को परेशान कर शराब पीने पीने के लिए पैसे उगाही कर चौराहो, आश्रमों या सड़को के आसपास मैदानों में छीटाकशी करने वाले आरोपियों के खिलाफ सक्ती से कार्यवाही होगी। गुलाबरा में गुण्डों के खिलाफ खास अभियान चलाने जा रही है कोतवाली पुलिस।

## जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के नेतृत्व में जिला भाजपा ने मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा हर वर्ष 6 जुलाई को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाती है। इसी तारतम्य में रविवार को भाजपा ने जिले के सभी बूथों पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पौधारोपण कर जन्म जयंती मनाई।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने नगर के वार्ड क्रमांक 36 चन्दनगांव स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वाटिका में छायादार पौधों का रोपण किया।

पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का व्यक्तित्व इन पेड़ों की तरह था। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने पूरे जीवनकाल सभी को कुछ ना कुछ दिया। उन्होंने कभी खुद कुछ लेने की इच्छा नहीं रखी। श्री यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन देश सेवा और जन सेवा के लिए समर्पित रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी से जो देश सेवा और जन सेवा की सीख मिलती है उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए।

जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित हुआ मुख्य कार्यक्रम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती का मुख्य कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया। जन्म जयंती कार्यक्रम के मुख्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे।

भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को



हुआ था, डॉ. मुखर्जी ने शिक्षा कोलकाता विश्वविद्यालय से प्राप्त की और बाद में वे लंदन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर बने, मुखर्जी महान नेता, शिक्षाविद् और देशभक्त थे, भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की, डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर के लिए एक देश में एक विधान, एक निशान, एक प्रधान की मांग की, आज हम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके योगदान को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन एक आदर्श के रूप में याद किया जाता है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश पोफली एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय झांझरी ने भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन विजय पांडे द्वारा किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पोफली, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय झांझरी, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे, कार्यक्रम संयोजक धर्मेन्द्र मिगलानी, सहसंयोजक दिवाकर सदारंग, संजीव रंगू यादव, माईकल पहाड़े, भाजपा नेता अजय सक्सेना, योगेश सदारंग, श्रीमती प्रीति बिसेन, श्रीमती अनिता शर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, जिला मंत्री अरूण चंदेल, अलकेश लाम्बा, संदीप सिंह चौहान, दीपक कोल्हे, संदीप रघुवंशी, भारत घई, बंटी राहुल उईके, पंडित राम शर्मा, प्रमोद शर्मा, श्रीमती संगीता सुरेश उईके, अभिलाष गोहर, श्रीमती कविता शिव मालवी, श्रीमती शोभना संतोष राय, अलकेश साव, अनीष पटेल, कृपाशंकर सूर्यवंशी, गुरूप्रसाद धुर्वे, विजेन्द्र चौहान, जफर खान, मनोज चौरे, मनोज मंडराह, भारती साहू, श्रीमती नीलू क्षेत्रीय, श्रीमती श्रद्धा जैन, रानी सूर्यवंशी, श्रीमती लमिया मरावी, श्रीमती अनीता ठाकरे, श्रीमती संध्या सूर्यवंशी, श्रीमती माया बंदेवार, श्रीमती शबनम जफर खान, सचिन काले, परमाल रघुवंशी, लोकेश यादव, मुकेश धुर्वे, मनीष निर्मलकर, दिन्शु यादव, राकेश अग्रवाल, सूरज पटेल, अपिल पिंगले, जुगल यादव, दीपक मिगलानी, विजेन्द्र चौहान, मोंटी शर्मा, अमरसिंह मरावी, रोशन सिंगनापुरे, अतहर घस्सू अहमद सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धार्मिक उल्लास और भक्तिभाव से निकली दिंडी यात्रा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** धर्म नगरी छिंदवाड़ा में आज आषाढ़ी एकादशी देवशयनी ग्यारस के पावन अवसर पर भव्य एवं दिव्य दिंडी यात्रा श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुई। भगवान विट्ठल-रुक्मणि के चरणों में समर्पित इस आयोजन ने शहरवासियों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

दिंडी यात्रा के संयोजक आनंद बक्षी ने बताया प्रात: 7:30 बजे भगवान श्री गणेश, भगवान विट्ठल रुक्मणि एवं अन्य देवी-देवताओं का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित मुकंद राव पवनिकर, सरला रजनीकांत बाजपेई, रेणुका सारंग बक्षी, श्रुति प्रशांत सैखेड़कर, अमृता विजय जोशी के शुभ हस्ते पंडित किशोर तातेकर द्वारा अभिषेक करवाया गया। इसके पश्चात 11 बजे श्री शिरडी साई मंदिर, विवेकानंद कॉलोनी में विभिन्न मंडलों की दिंडियों का एकत्रीकरण हुआ। दोपहर 12 बजे दिंडी यात्रा का शुभारंभ संतों के पावन सान्निध्य में हुआ।

महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज, महामंडलेश्वर डॉ. वैभव अलौनी एवं ह.भ.प. चिंतामन गुरवे के नेतृत्व में दिंडी यात्रा शिव गजानन मंदिर की ओर प्रस्थान कर वहां संपन्न हुई। मंदिर परिसर में संतो द्वारा भक्ति, धर्म और अध्यात्म पर ओजस्वी प्रवचन दिए गए जिन्होंने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए ह.भ.प. चिंतामन गुरवे ने आषाढ़ी एकादशी के महत्व पर प्रकाश डाला। महामंडलेश्वर डॉ. वैभव अलौनी ने भगवान गणेश की महिमा पर ओजस्वी



प्रवचन दिया। महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज ने कहा-भगवान शनि देव न्याय के देवता हैं। संस्कारों का निर्माण करना प्रत्येक मानव का परम कर्तव्य है।

दिंडी यात्रा में पुरुष श्रद्धालु पारंपरिक श्वेत वस्त्रों में एवं मातृशक्ति लाल वस्त्रों में सम्मिलित हुई। पूरे नगर में विठ्ठल-नाम की गूंज और भक्ति गीतों की ध्वनि ने एक अलौकिक वातावरण निर्मित कर दिया। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वनाथ ओकटे, जयदेव राउत, रमेश पोफली, विजय गावंडे, सुधाकर ओकटे, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हंसा अंबर दाढे, पार्षद सरिता चिंटू काले, चंदू ठाकरे, चंद्रभान देवरे समेत महादेव राव बरसाकर, रामकुमार सोनी, देवानंद निकाजू, रितेश पांडे, सुरेश सालोडकर, संतोष कराडे, शुभांगी बक्षी, वर्षा पाठक, मोना कस्तूरे, विजया घोंघे, शारदा ठाकुर, पंकज मोझरकर, गजानन खीरेकर, धनश्री रत्नाकर, संजय चिंचोले, गजेन्द्र स्वामी एवं समस्त समाज के प्रमुख मंडलों एवं पंचायतों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दिंडी यात्रा के संयोजक आनंद बक्षी ने बताया कि यह आयोजन संत गजानन गुणगान मंडल, सच्चिदानंद सेवा समिति एवं समग्र मराठी समाज के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। आयोजन में संजय औरंगाबादकर, अवधूत मोहगांवकर, सुभाष स्मार्त, विभिन्न महिला मंडल, मंदिर समितियों एवं वारकरी संप्रदाय की पारंपरिक दिंडियों ने प्रमुख भूमिका निभाई। सभी धर्म प्रेमियों ने आयोजन में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया और यह संकल्प लिया कि हर वर्ष इस परंपरा को और अधिक भव्य स्वरूप में आयोजित किया जाएगा।

### जनपद उपाध्यक्ष ने ताजिया बनाने वालों को सम्मानित किया

**परासिया।** नपद उपाध्यक्ष जमील खान ने ताजिया बनाने वालों को सम्मानित किया, लंगर और शरबत का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है की प्रतिवर्ष कौमी एकता समिति मोहर्रम के समय सभी धर्म और समाज के लोगों के साथ लंगर शरबत का वितरण करती है दुआ में आपसी भाईचारा देश में अमन शांति के लिए दुआएं मांगी गई। साथ में सरपंच नरेंद्र धुर्वे, फगु प्रसाद, विजय चंदेल, जगजीत पटेल, मुकेश श्रीवास्तव, राजेंद्र बावरिया, आबिद अली पूर्व उपसरपंच मोहमुद खान संतोष राय संजय राय जीशान खान हाशिम शामिल रहे।

# जटिलताओं का स्थाई हल शोध कार्यप्रणाली में अंतर्विषयक दृष्टिकोण से ही संभव है : कुलगुरु प्रो. इन्द्र प्रसाद त्रिपाठी





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा शोध कार्यप्रणाली में अंतर्विषयक दृष्टिकोण विषय पर पीजी. कॉलेज छिंदवाड़ा के सभागृह में आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार में उद्घाटन सत्र में बोलते हुए कुलगुरु प्रो. इन्द्र प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि मानव जीवन में आ रही नित नई जटिलताओं का स्थाई हल शोध कार्यप्रणाली में अंतर्विषयक दृष्टिकोण से ही संभव है। सतही ज्ञान अंततः खतरनाक ही साबित होता है। ग्लोब प्रमुख स्त्रोत वक्ता डॉ. हरी सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर के रसायन विज्ञान के प्रो. ए.पी. मिश्रा ने कहा कि वेदना दृष्टि देती है, इसका सहनकर्ता दृष्टा हो जाता है। शोध दृष्टि बदलती है। शोध का केंद्रीय उद्देश्य व्यष्टि से समष्टि की यात्रा है। कम से कम में से अधिक से अधिक जान लेना और अधिक से अधिक में से काम का कम से कम निकाल लेना ही शोध है। सी.एम. दुबे पी.जी. कॉलेज बिलासपुर की वनस्पति विधान की भूतपूर्व प्रो. वीणापाणि दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि शोध व्यक्तिगत सौंदर्य वृद्धि का साधन नहीं है, यह वीनैतिक सत्यनिष्ठा, बौद्धिक शुचिता और ज्ञान के व्यापकीकरण का हुनर है। शोधकर्ता को हितों के टकराव से बचना चाहिए। इंटीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस ऑफ हायर एजुकेशन भोपाल के भौतिक शास्त्र के प्रो. अनुज हुंडैत ने डिजिटल युग में इलेक्ट्रॉनिक्स के अति आधुनिक टूल्स से शोध सामग्री को एकत्रित करके अपने कीमती समय की बचत करने पर जोर दिया। प्रो. राजेंद्र कुमार मिश्रा ने अपने अनौपचारिक वक्तव्य में प्रामाणिक शोध को सशक्त राष्ट्र निर्माण का जरिया बताया। प्रो. अमर सिंह ने रिसर्च स्कॉलर्स को शोध के माध्यम से स्वयं के पिछड़ेपन को दूर करने की तरकीब पर प्रकाश डाला। कुलसचिव प्रो. युवराज पाटिल ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा का भरसक प्रयास रहा है कि रिसर्च स्कॉलर्स को शोध करने में आने वाली सभी चुनौतियों से जूझने के लिए पहले ही मानसिक रूप से तैयार रहने के लिए पर्याप्त ज्ञान प्रशिक्षित रिसोर्स पर्सन द्वारा दे दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक, शोध सेमीनार संयोजक व शोध कॉर्डिनेटर प्रो. धनाराम ने अपने वक्तव्य में कहा कि शोधकर्ता को आज सामाजिक सरोकारों के प्रश्नों के समाधान हेतु शोध कार्यप्रणाली में अंतर्विषयक दृष्टिकोण अपनाने की महती आवश्यकता है क्योंकि किसी भी चीज का दूसरी चीजों से संबंध बिना कतई कारगर नहीं है।

राष्ट्रीय सेमिनार में विशेष सहयोग देने वालों में पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा के प्राचार्य प्रो. वाय.के. शर्मा, आई.टी. की प्रमुख प्रो. निशा जैन, सहायक कुलसचिव अंजलि चौहान, दशरथ सिंह गौड़ एवं समस्त विश्वविद्यालय परिवार का विशेष सहयोग रहा।

# शासकीय आईटीआई में आज प्लेसमेंट ड्राइव का होगा आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिन्दवाड़ा में आज 07 जुलाई 2025 को मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा एफ्टीसी के लिये आईटीआई उत्तीर्ण केवल पुरूष प्रशिक्षणार्थियों के लिये प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।



शासकीय आईटीआई छिंदवाड़ा के नोडल प्राचार्य ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिन्दवाड़ा में आज 7 जुलाई 2025 को मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा एफ्टीसी के लिये आईटीआई उत्तीर्ण केवल पुरूष प्रशिक्षणार्थियों के लिये आई.टी.आई. पास फ्टिर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, ग्राइंडर, वेल्डर, ट्रेक्टर मैकेनिक आदि के लिये केवल पुरूष प्रशिक्षणार्थी जिनकी उम्र 18 से 26 वर्ष हो भाग ले सकते हैं। चयनित प्रशिक्षणार्थी का जॉब लोकेशन खरखोड़ा हरियाणा रहेगा तथा वेतनमान 28000 रूपये प्रति माह रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी प्रातः 10 बजे तक अपने सभी दस्तावेजों की फोटोकॉपी के साथ निर्धारित संस्था में उपस्थित हो सकते हैं।

## सार-समाचार

### न्यूटन के वार्ड क्रमांक 4 में आज पार्षद का उपचुनाव, तैयारी पूर्ण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** न्यूटन में कल 7 जुलाई को वार्ड क्रमांक 4 में पार्षद के लिए उप चुनाव होगा। सामान्य महिला के लिए आरक्षित इस वार्ड में पार्षद के लिए केवल दो प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। जिसमें कांग्रेस से गायत्री कुमरे एवं भाजपा से निकिता बरखे है।

जानकारी के अनुसार पिछले चुनाव में इस वार्ड से कांग्रेस की रविंदर कौर चुनाव जीती थी। लेकिन उनका देहांत होने के कारण पार्षद का उप चुनाव हो रहा है। चुनाव में वार्ड के 512 मतदाता मतदान करेंगे। जिसमें पुरुष मतदाता 259 एवं महिला मतदाता 253 है। मतदान के लिए केवल एक बूथ सतपुड़ा मंगल भवन में बनाया गया है। जहां पर सुबह 7 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान इवीएम से किया जायेगा। चुनाव के लिए तहसीलदार धर्मेंद्र चौकसे को निर्वाचन अधिकारी एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल कौरव को सहायक निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। मतगणना 10 जुलाई को होगी।

### सुहागले की पूजा कर अपने पति के लिए मांगी मन्नत



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महात्मा गांधी नम्बर 16 सिवनी प्राण मोती में श्रीमती सुनीता बंदेवार के निवास स्थान पर आज महिला मंडल द्वारा महिलाओं द्वारा सुहागले की पूजा अर्चना कर अपने सुहाग व परिवार के सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर सुनीता बंदेवार, उषा सराठे, रश्मि साहू, संगीता सराठे, रोमा शुक्ला, देवयानी बंदेवार, स्वाति साहू, संध्या श्रीवास, सुनीता रघुवंशी, ज्योति बंदेवार, राधा बंदेवार, गीता बंदेवार, आंकाक्षा बंदेवार, सरिता झावरें, मोनू बंदेवार, मुस्कान बंदेवार, ललिता चौधरी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### किसानों के बच्चों को पुरस्कृत करेगी किसान कांग्रेस : पुष्पेन्द्र सिंह

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान के मार्ग निर्देशन पर जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चैधरी पुष्पेन्द्र सिंह अधिवक्ता ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 10 एवं 12 वीं में जिन किसानों के बच्चे 75 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे उन्हे जिला किसान कांग्रेस प्रशस्ति पत्र, मेडल और शील्ड देकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में समारोह आयोजित कर पुरूस्कृत करेगी। छात्र-छात्राओं के परिवार में माँ अथवा पिता का किसान होना जरूरी है, साथ ही अंकसूची की छायाप्रति भी आवश्यक होगी।

किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन देना और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफ्लता मिले एवं कृषि क्षेत्र में किसान परिवारों का गौरव बढ़ाने और आधुनिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसान कांग्रेस ने यह अभिनव पहल की है, उन्होनें यह भी कहा कि किसान परिवार के जो छात्र-छात्राएँ जिले में मेरिट में आते हैं तो उन्हे किसान कांग्रेस विशेष तौर से सम्मानित करेगी ।

### जिले में 276.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी.है तथा जिले में अभी तक 276.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 231.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 06 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 38.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।अधीक्षक भ-अभिलेख ने बताया कि 06 जुलाई 2025 को प्रातरू 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 30.2, मोहखेड़ में 26.3, तामिया में 72, अमरवाड़ा में 15.2, चौरई में 04, हर्रई में 31, बिछुआ में 9.4, परासिया में 64, जुन्नारदेव में 118.4, चांद में 18 और उमरेठ में 31.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

# ओबीसी महासभा 13 प्रतिशत होल्ड हटाए जाने को लेकर 10 जुलाई को विरोध प्रदर्शन करेगा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष लोधी विपिन वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि स्थानीय इंडियन कॉफी हाउस में ओबीसी महासभा एवं जय भीम सेना की संयुक्त बैठक आयोजित कर मध्य प्रदेश में 13 प्रतिशत होल्ड हटाकर जल्द ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थी को नियुक्ति प्रदान किए जाने एवं 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किए जाने को लेकर आगामी 10 जुलाई दिन गुरुवार को स्थानीय अंबेडकर तिराह में दोपहर 12:00 बजे विशाल रैली के माध्यम से विरोध प्रदर्शन करते हुए कलेक्टेड पहुंचकर ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा।



सभी साथियों अभ्यर्थियों एवं सामाजिक संगठन के द्वारा अधिक से अधिक जनसंख्या में शामिल होने की अपील की गई है। इस अवसर पर भीम सेना जिला अध्यक्ष शिवम पहाड़े, नंदकिशोर यादव, अल्केश कुशवाहा, अंशुल कुमार साहू, रविंद्र, अनुज वानखेड़े, राधेश्याम सोलंकी, गोवर्धन पारस्कर, मेहताब डोले, बबलू कनोजिया, किशोर पवार, दिनेश इवनाती, पप्पू दीक्षित, राजकुमार खडसे, ध्रुव, मिथिलेश, पप्पू मंडराह सहित संगठन एवं अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

# तिरोले कुनबी समाज ने असाढ़ी एकादशी पर किया हरिनाम सप्ताह का आयोजन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कल 6 जुलाई 2025 दिन रविवार को तिरोले कुनबी समाज द्वारा आषाढी एकादशी के पावन पर्व पर चंदनगाव स्थित समाज भवन में हरिनाम सप्ता का भव्य आयोजन किया गया जिसमें समाज के लगभग 25-30 भजन मंडलों ने भगवान विट्ठल रुक्मणी के संगीतमयी भजनों की प्रस्तुति दी।



कार्यक्रम का संचालन पंजाबराव अवारे, देवराव ठाकरे, रामराव अवारे, सुरेश कराड़े, भगवंत राव कराड़े के द्वारा किया गया तथा समाज के अध्यक्ष चंद्रभान देवरे द्वारा दही लाही की मटकी फोड़कर प्रसाद वितरण किया गया। इसके पश्चात समाज द्वारा भव्य दिंडी यात्रा निकाली गई जो विवेकानंद कालोनी के साँई मंदिर होते हुए गजानन महाराज के मंदिर में समाप्त हुई। समाज द्वारा आयोजित किये गये इस सफ्ल कार्यक्रम के लिए समाज के अध्यक्ष चंद्रभान देवरे ने सभी सामाजिक बंधूओ, मातृ शक्ति, वरिष्ठ नागरिक संगठन, युवा संगठन एवं कार्य कारिणी के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# जीतिका विश्वकर्मा को दिल्ली में डॉक्टर की मानक उपाधि से किया गया सम्मानित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अनुष्का एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा श्रीमती जीतिका विश्वकर्मा को दिल्ली में डॉक्टर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह बहुत ही गौरव की बात है कि छिंदवाड़ा जिले से श्रीमती जीतिका विश्वकर्मा को दिल्ली में सम्मान मिला।

उन्होंने अपने जीवन काल में कई वर्षों से अनेक सामाजिक क्षेत्र में पूर्ण लगन से महिला सम्मान महिला सशक्तिकरण महिला, आत्मनिर्भरता, महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा आदि के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए महिलाओं को एक नई दिशा प्रदान की है, साथ ही परिवार परामर्श केंद्र की अध्यक्ष होने के नाते केंद्र में अनेक प्रकरणों की सुनवाई करते हुए अधिक से अधिक परिवारों में पारिवारिक विवादों को समाप्त करते हुए परिवारों में खुशियां स्थापित की हैं। परिणाम स्वरुप श्रीमती गीतिका विश्वकर्मा को अनेक मंचों पर सम्मानित भी किया गया है।

इसी श्रृंखला में अंतरराष्ट्रीय स्तर की विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग दिल्ली द्वारा उन्हें डॉक्टरेट की मानव उपाधि से दिल्ली में सम्मानित किया गया। साथ ही गोल्ड मोमेंटो वह इंटरनेशनल सदस्य का आई कार्ड प्राप्त हुआ। सम्मान समारोह में पूरे भारत से आए अनेक क्षेत्र में अपने



योगदान के लिए समाज के लिए किए गए कार्य के लिए अनेक लोगों को सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह में हमारे देश के जल थल और वायु सेवा प्रमुख सिंदूर ऑपरेशन के प्रमुख कमांडर विजय शंकर बावला, ग्रुप कैप्टन सुरेश कुमार, कर्नल अशोक कॉल, कर्नल वेद प्रकाश भार्गव, स्वामी कृष्णानंद चरण आनंद, डॉ. राकेश रंजन, डी.आर. सप्तर्षी बोस व प्रसिद्ध अभिनेता बिंदु द्वारा सिंह के हस्त कमल से सम्मान प्राप्त हुआ व डॉक्टर जीतिका विश्वकर्मा ने सभी को धन्यवाद देते हुए अपने गृह जिले छिंदवाड़ा की समस्या को भी सभी के समक्ष रखा व सभी को धन्यवाद प्रेषित किया।

# श्रीमद्भागवत गीता के सातवें अध्याय का पाठ कर जितेन्द्र जैसवाल का किया तर्पण







**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सन्त श्री आशारामजी आश्रम लिंगा में कल रविवार 6 जुलाई को श्री योग वेदांत सेवा समिति के सैकड़ों साधकों ने स्व. जितेंद्र कुमार पिता हंसकुमार जयसवाल के मोक्ष हेतु श्रीमद भगवदगीता जी के 7 वें अध्याय का पाठ कर विधिवत तर्पण किया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि स्व. जितेंद्र कुमार जयसवाल का 1 जुलाई को परलोक गमन हो गया था, उनके मोक्ष हेतु हम सभी ने कल रविवार को श्रीमद् भगवदगीता के 7 वें अध्याय का वैदिक रूप से पाठ कर पुण्य अर्पण किया। शास्त्रों में आता है कि जिनका शरीर छूट गया है उनके लिए तीसरा, तेरहवीं और गंगा पूजन करने का विधान है। किसी कारणवश समय पर यह सब ना कर पाएं जो श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर पुण्य अर्पण करने का भी विधान है। गंगा पूजन के साथ भी यह पाठ कर सकते हैं। स्व. जितेंद्र जैसवाल वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र जयसवाल के छोटे भ्राता हैं और जितेंद्र के संस्था के साथ बहुत मधुर संबंध रहें हैं। समिति के सेवाकार्यों में मार्गदर्शन करते रहें हैं। समिति समय-समय पर शहर के प्रतिष्ठित लोग जिनका शरीर छूट गया है उनके लिए और सीमा पर देश की सेवा करते-करते शहीद हुए सैनिकों के लिए भी गीता पाठ की सेवा करती हैं।

हाल ही में अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दुर्घटनाग्रस्त हुए लगभग 330 लोगों के लिए भी श्रीमद् भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर उन सभी के मोक्ष की कामना की गई थी। स्व. जितेंद्र जयसवाल बहुत ही हँसमुख और मिलनसार व्यक्तित्व की धनी थे उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही बैतूल समिति के राजीव झा की छोटी बहन देवांगना झा चंडीगढ़ के परलोक गमन पर मोक्ष हेतु पाठ किया गया।

इस कार्यक्रम में साध्वी रेखा बहन, साध्वी प्रतिमा बहन, खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई, समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, सुभाष इंगले, अशोक कराड़े, नारायण ताम्रकार, रामराव लोखंडे, बबलू माहोरे, भूपेश पहाड़े, महिला समिति की अध्यक्ष ललिता घोगें, प्रीति सोनारे, रूपाली इंगले, सुधा ताम्रकार, विमल शेरके आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस आशय की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मीडिया प्रभारी भगवानदीन साहू ने दी।

# मेधावी छात्रा सरस्वती डेहरिया को विधायक-एसडीएम ने किया सम्मानित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साह योजना अंतर्गत स्थानीय अन्नपूर्णा लॉन चौरई में आयोजित विकासखंड स्तरीय मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण कार्यक्रम में गुरैया निवासी नरेन्द्र डेहरिया एवं श्रीमती मीना डेहरिया की सुपुत्री कुमारी सरस्वती जिया डेहरिया शासकीय कन्या उच्चतर हायर सेकंडरी स्कूल चौरई को मुख्य अतिथि विधायक सुजीत चौधरी, पूर्व विधायक पं. रमेश दुबे, विस प्रभारी लखन वर्मा, शैलेन्द्र पटेल, श्रीमती शैलकुमारी वर्मा, एसडीएम प्रभात मिश्रा, जिप सदस्य ऋषि पटेल, नपा उपाध्यक्ष सिरपत नायक, वरिष्ठ नेता मँझलो पटेल, ईश्वर सिंह चौधरी, कमलेश वर्मा व तहसीलदार प्रीति पटेल ने सम्मानित किया एवं 25 हजार रुपये चेक दिया। अतिथियों ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विकासखंड के 163 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय हेतु प्रत्येक विद्यार्थी को 25 हजार की राशि का वितरण कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं गई। कार्यक्रम के दौरान वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ सुना व देखा गया। कार्यक्रम मे विकासखंड के शिक्षकगण विद्यार्थी मौजूद रहे। इस अवसर पर ईश्वरी प्रसाद, गौरी बाई, हरेंद्र डेहरिया, हीरा डेहरिया, रामगोपाल, सरला, महेंद्र, अनिता रघुवीर, दुलारी, जगदीश, सुमरवती, राजेश, माया, गोलू, आशा, प्रिया, पायल, पंकज, प्रेरणा आदि।

